साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली में **विविध कार्य कर्मचारी (नेत्रहीन दिव्यांग (40 से 75 प्रतिशत) के लिए आरक्षित)** पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करती है :

पदों की संख्या : एक
वेतनमान : पे बैंड- I/5200-20200/ग्रेड पे -1,800

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा आईटीआई के समतुल्य।
2. एक ही कर्मचारी द्वारा विविध कार्य करने की योग्यता जो अब तक विभिन्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा किए जाते थे।

वांछनीय

1. स्थानीय जगहों की जानकारी।

आयु सीमा : 30 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु-सीमा में छूट)

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर ''**विविध कार्य कर्मचारी (नेत्रहीन दिव्यांग (40 से 75 प्रतिशत) के लिए आरक्षित) पद हेतु आवेदन**'' अंकित होना चाहिए। ई-मेल द्वारा अथवा ज़रूरी प्रमाण-पत्रों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/42/2017

प्रकाशन तिथि : 22 जुलाई 2017

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 20 अगस्त 2017